श्रीदीवानकृष्णकिशोर-सनातनधर्म-आदर्शसंस्कृतकॉलेज, अम्बालाछावनी हरियाणा

उत्तरक्षेत्रीय-युवमहोत्सव-2025

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा उत्तर क्षेत्रीय युवमहोत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष होता है। इस वर्ष यह सौभाग्य से आयोजन का दायित्व **श्री दीवान कृष्ण किशोर सनातन धर्म आदर्श संस्कृत कॉलेज, अंबाला छावनी** को प्राप्त हुआ और कॉलेज ने अपना शत प्रतिशत योगदान दिया जिस कारण से हम इस आयोजन को करने में सफल रहे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत छः राज्यों से लगभग 400 छात्रों ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में प्रो. मदन मोहन झा, डीन (केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली) एवं एस. डी. कॉलेज सोसाइटी, नई दिल्ली के उप प्रधान डॉ. देशबंधु जी तथा निदेशक डॉ. राजेंद्र सिंह राणा जी उपस्थित रहे। उत्तर क्षेत्रीय युवमहोत्सव का वैजयंती पुरस्कार (प्रथम स्थान) श्री रणवीर परिसर, जम्मू को प्राप्त हुआ और द्वितीय स्थान श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर, देवप्रयाग को प्राप्त हुआ और तृतीय स्थान वेदव्यास परिसर, बलाहर को प्राप्त हुआ। उत्तर क्षेत्रीय युवमहोत्सव में जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड , उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा की 11 टीमों ने स्पर्धा में हिस्सा लिया।जिसमें हमारे महाविद्यालय के छात्रों ने पांच स्वर्ण पदक और तीन रजत पदक तथा चार कांस्य पदक प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

उत्तर क्षेत्रीय युवमहोत्सव 3 नवंबर से 5 नवंबर 2025 तक आयोजित किया गया। समापन समारोह सत्र में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के आदर्श प्रभारी प्रो. कुलदीप शर्मा जी और समर्थ पोर्टल प्रभारी डॉ. विजय दाधीच और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश्वर प्रसाद मिश्रा जी और सनातन धर्म कॉलेज, अंबाला छावनी की प्राचार्या डॉ. अलका शर्मा और एस डी कॉलेज सोसाइटी, नई दिल्ली के संयुक्त सचिव डॉ. आर सी शर्मा उपस्थित रहे। श्री दीवान कृष्ण किशोर सनातन धर्म आदर्श संस्कृत कॉलेज, अंबाला छावनी के प्राचार्य डॉ. विष्णु दत्त शर्मा जी की अध्यक्षता में तीन दिवसीय उत्तर क्षेत्रीय युव महोत्सव सम्पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन सनातन धर्म कॉलेज, अंबाला छावनी के ऑडिटोरियम हॉल एवं महाविद्यालय के क्रीडा मैदान में किया गया।